समाचार

# दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में 21 विकास कार्यो का होगा भूमिपूजन लोकार्पण

## (16 नवम्बर को राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल करेंगे विभिन्न स्थानो पर भूमिपूजन, लोकार्पण)

कोरबा 15 नवम्बर 2019—नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत विभिन्न वार्डो में 16 नवम्बर को राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। सायं 04 बजे सिंचाई कालोनी दर्री में नवनिर्मित आंगनबाड़ी परिसर में, सायं 4.30 बजे साडा कालोनी जमनीपानी में निगम स्टाफ क्वार्टर परिसर में, सायं 05 बजे पावरसिटी के पास अयोध्यापुरी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन परिसर में, सायं 5.30 बजे नवधा पण्डाल सुमेधा में एवं सायं 06 बजे नवनिर्मित मंच परिसर कुमगरी में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है। भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम में निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण एवं वार्ड पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे उक्त भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रमों में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।